घरेलू बिजली महंगी, देने होंगे 7.10 रुपये यूनिट

गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दाम अब 9.94 रुपये प्रति यूनिट

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 26 मार्च. मप्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा घोषित बिजली की नई दरों से प्रदेश के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब औसत रूप से प्रति यूनिट 7.10 रुपए के हिसाब से बिजली कंपनियों को भुगतान करना होगा. वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 9.94 रुपए देना होगा. पब्लिक वाटर के लिए 7.19 रुपए और एलटी उद्योगों को 9.64 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली मिलेगी. यह दरें 1 अप्रैल से लागू होंगी.

कृषि उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट औसतन 6.72 रुपए के हिसाब से बिजली मिलेगी, हांलाकि इसका बड़ा हिस्सा राज्य सरकार सब्सिडी के रूप में दे देती है. यानी बढ़े हुए दरों का किसानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, बढ़ी हुए सब्सिडी की राशि राज्य सरकार सीधे बिजली कंपनियों को देगी. नये वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार बिजली की सब्सिडी पर 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर सकती है. ई-रिक्शा, ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन वालों को 7.44 रुपए, रेलवे को 6.69, कोल माइंस के लिए 9.23, गैर उद्योग, शॉपिंग मॉल को 8 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली मिलेगी. ह्य

30 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 3.72 रुपए प्रति यूनिट इनर्जी चार्ज देना होगा, लेकिन फिक्स चार्ज शून्य रहेगा. 31 से 50 यूनिट वालों को 4.71 रुपए प्रति यूनिट इनर्जी चार्ज देना होगा.

वहीं मासिक फिक्स चार्ज शहरी क्षेत्र में 81 और ग्रामीण क्षेत्र में 67 रुपए देय होगा. इसी तरह 51 से 150 यूनिट खपत वालों को 5.67 रुपए प्रति यूनिट इनर्जी चार्ज के अलावा मासिक फिक्स चार्ज शहरी क्षेत्र में 134 और ग्रामीण क्षेत्र में 111 रुपए देय होगा. 151 से 300 यूनिट तक खपत पर इनर्जी चार्ज प्रति यूनिट 7.05 रुपए और शहरी क्षेत्र में मासिक फिक्स चार्ज शहरी में 30 रुपए प्रति 0.1 किलोवाट और ग्रामीण क्षेत्र में 28 रुपए देय होगा. 300 यूनिट से अधिक खपत वालों को प्रति यूनिट इनर्जी चार्ज 7.24 रुपए प्रति यूनिट और मासिक फिक्स चार्ज शहरी में 30 और ग्रामीण में 20 रुपए प्रति 0.1 किलोवाट पर देना होगा.

5 जैन मुनियों का मंडीदीप में प्रथम मंगल प्रवेश आज

मंडीदीप, 26 मार्च. सिद्ध क्षेत्र मुक्तागिरी में आयोजित 'जैनेश्वरी मुनि दीक्षा' समारोह में दीक्षित 5 मुनिराज का शुक्रवार को पहली बार मंडीदीप में मंगल प्रवेश होगा. मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया नगर में मुनिश्री उद्यमसागर महाराज, मुनिश्री गरिष्ठसागर महाराज, मुनिश्री आदरसागर महाराज, मुनिश्री स्वरूपसागर महाराज व मुनिश्री हीरकसागर महाराज की भव्य अगवानी शुक्रवार सुबह 8 बजे जिलेटिन चौराहे पर की जाएगी.

लेखराम को मिला अर्रावती सरपंच का प्रमाण पत्र

बैरसिया, 26 मार्च. ग्राम पंचायत अर्रावती के पंच लेखराम अहिरवार को सरपंच पद का प्रमाण पत्र गुरुवार को दिया गया. गौरतलब है कि इसके पूर्व गंभीर आरोपों के चलते सरपंच को पद से हटा दिया गया था. इसके बाद उपसरपंच को नियमानुसार 6 माह के लिए पंचायत संचालन का चार्ज सौंपा गया था. उपसरपंच के छह माह पूरे होने के बाद 2 मार्च को अर्रावती के पंचायत भवन में निर्वाचन नियम 1995 के नियम 17 के तहत पंच लेखराम अहिरवार सरपंच पद के निर्वाचन के लिए एकमात्र अभ्यर्थी थे, जिन्हें निर्वाचित घोषित किया गया था.

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वासुदेव बरड़े S/o रघुनाथ जी बरड़े मकान नं B-13 गिरनार वैली अयोध्या बाई पास रोड भोपाल जो कि अस्थाई रूप से रहते है. मैंने अपनी पत्नी का नाम जो कि पहले कंचना बाई बरड़े (Kanchna Bai Barde) से बदलकर कंचना बरड़े (Kanchana Barde) कर दिया है. मेरे अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नया नाम कंचना बरड़े (Kanchana lBarde) दर्ज है. अत: मेरी पत्नी को नये नाम कंचना बरड़े (Kanchana Barde) से जाना व पहचाना जावे.

नाम परिवर्तन

मैं मनीष कुमार सिंह इस पत्र के माध्यम से ये सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री के विद्यालय के दस्तावेज में पुत्री का नाम श्रेया सिंह एवं मेरा नाम मनीष सिंह लिखा है जो अब परिवर्तित होकर श्रेया सिंह बघेल एवं मेरा नाम मनीष कुमार सिंह हो गया है. भविष्य में इसी नाम से जाना जाए. निवास स्थान- DK-2/86, दानिश कुंज कोलार रोड, भोपाल- 462042

लारेंस गिरोह का मामला, एसआईटी गठित

▸ एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

भोपाल, 26 मार्च. मध्यप्रदेश के अशोकनगर, इंदौर (शहर एवं देहात), खरगोन एवं भोपाल जिलों में कथित तौर पर कुख्यात लारेंस विश्नोई गिरोह के द्वारा व्यापारियों से वसूली के लिए धमकी देने संबंधी सनसनीखेज मामलों की जांच के लिए गुरुवार को प्रदेश पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया.

संबंधित जिलों के थानों में दर्ज अंतर्राज्यीय संगठित आपराधिक प्रकरणों की जांच के लिए गठित एसआईटी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएफ डी. श्रीनिवास वर्मा के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी. एसआईटी का प्रभार पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल) भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा को दिया गया है.

एसआईटी में पुलिस अधीक्षक एसटीएफ भोपाल राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ इंदौर नवीन कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक एटीएस मुख्यालय भोपाल वैभव श्रीवास्तव, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो) सुधीर कनोजिया, एसटीएफ मुख्यालय भोपाल के उप पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत अवस्थी, उप पुलिस अधीक्षक दिव्या सिंह राजावत, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान एवं कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक योगिता साटनकर को सदस्य बनाया गया है. एसआईटी संबंधित सभी प्रकरणों की केस डायरी तत्काल संबंधित जिलों से प्राप्त कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ करेगी.

> राज्य में फिलहाल कम से कम चार ऐसे मामले सामने आए हैं. जिनमें कुख्यात लारेंस विश्नेई गिरोह के कथित सहयोगियों ने कुछ व्यापारियों को फोन कॉल के जरिए धमकाकर करोड़ों रुपयों की मांग की है. मांग पूर्ण नहीं होने पर संबंधित व्यापारियों और उनके परिजनों को जान से मारने तक की धमकी दी गई है.

अवैध निर्माण का हब बन रही निजी कॉलोनी

मंडीदीप में रसूखदार कर रहे बेखौफ निर्माण

मंडीदीप, 26 मार्च. शहर के वार्ड 23 में निजी कॉलोनियों में रहवासी क्षेत्र को व्यवसायिक निर्माण का हब बनाया जा रहा है. आवासीय प्लॉट पर अनुमति लेकर धड़ल्ले से नीचे व्यवसायिक निर्माण सहित चार-चार मंजिला तक भवन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे नगर पालिका को राजस्व की भारी क्षति हो रही है. जिम्मेदार अधिकारी मौका-मुआयना तक नहीं कर रहे हैं.

ताजा मामला शीतल मेघासिटी का है, जहां सुलेख पुत्र सुल्तान सिंह नागर ने नपा से महज भूतल सहित तीन मंजिला भवन की आवासीय अनुमति ली थी, लेकिन उन्होंने भूतल पर व्यवसायिक उपयोग सहित चार मंजिला भवन खड़ा कर लिया है. चौथी मंजिल पर टेरेस की जगह अतिरिक्त निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है. नपा सूत्रों के अनुसार, सुलेख नागर द्वारा अनुमति के विपरीत किए गए इस अवैध निर्माण की लिखित शिकायत नपा में दर्ज की गई थी. शिकायत मिलने के



बाद नपा ने नियम के अनुसार नोटिस भी जारी कर दिया, लेकिन अब तक नोटिस की तमील नहीं हो पाई है. सूत्र बताते हैं कि नपा अध्यक्ष की पत्नी के पति राजेंद्र अग्रवाल के संरक्षण में यह पूरा मामला दबाया जा रहा है.

अधिकारियों पर अवैध निर्माण पर कोई कार्यवाही न करने का दबाव बनाया जा रहा है. नागर और अग्रवाल परिवार की नजदीकियां स्थानीय स्तर पर जगजाहिर बताई जाती हैं, जिसके चलते नियम-विरुद्ध निर्माण के बावजूद इसे नजरअंदाज किया जा रहा है.

कमर्शियल निर्माण से परेशान स्थानीय रहवासी

वार्ड 23 के रहवासियों का कहना है कि निजी कॉलोनियों में लगातार ऐसे अवैध निर्माण हो रहे हैं, जहां आवासीय अनुमति लेकर भी दुकानें, ऑफिस या अन्य कमर्शियल गतिविधियां शुरू कर दी जाती हैं. इससे न केवल ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या बढ़ रही है, बल्कि नपा को भी संपत्ति कर और अन्य राजस्व में भारी नुकसान हो रहा है.

इनका कहना है

हमने नियमानुसार भवन निर्माण किया है, बकायदा नपा से अनुमति प्राप्त की ही, नोटिस का जवाब दे देंगे.

सुल्तान सिंह नागर.

मुझे इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं है, ऐसा मामला है तो नगर पालिका नोटिस जारी करेगी.

प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष मंडीदीप

भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp@fci.gov.in

क्र. S&C/15/RTC/ NIT/2026/08 दिनांक: 27.03.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/129/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई-निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्रमांक	टेंडर नं.	संक्षिप्त विवरण	निविदा मात्रा	नियत तारीख
1	8125WCRTP-10	मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ HVN कट लाइनर	252440 नंबर	15.04.2026
2	40251836A	पोर्सिलेन स्टे आर्म	2071 नंबर	16.04.2026
3	38265001	नॉन-एस्बेस्टस K-टाइप कम्पोजीशन ब्रेक ब्लॉक्स	49000 नंबर	20.04.2026
4	8125WCRTP-13	मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ HVN-66 इंसुलेटिंग कट लाइनर ऐट ग्लूएड जॉइंट	198404 नंबर	20.04.2026
5	65265003	सप्लाई, फिटिंग, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (HABD)	16 सेट	21.04.2026
6	8125WCRTP-14	मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ HVN-66 इंसुलेटिंग कट लाइनर ऐट फिश प्लेटेड जॉइंट	387072 नंबर	30.04.2026
7	50245059	20 पेअर 0.5 mm dia कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड पेअर armoured अंडरग्राउंड टेलीकॉम PIJF केबल	42 किलोमीटर	30.04.2026

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/मुख्या., पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

इंटर स्टेट कराटे स्पर्धा के लिए 12 खिलाड़ी इंदौर रवाना

मंडीदीप. इंदौर के फीनिक्स मॉल में 27 एवं 28 मार्च को आयोजित होने वाली इंटर स्टेट कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंडीदीप नगर के 12 प्रतिभाशाली खिलाड़ी इंदौर के लिए रवाना हुए. कराटे कोच अमन पात्रे ने बताया कि प्रतियोगिता में मानवी कहार, लक्षीयता लोवंशी, योगिता लोवंशी, भावना कौरेती, दीक्षा यादव, नंदनी अहिरवार, भूमिका झारे, रचना झारे, प्रीशा मिश्रा, राखी चिराड़, आरती लोधी एवं मनीषा डाबर नगर का प्रतिनिधित्व करेंगी. खिलाड़ियों को रवाना करने के अवसर पर अमित जैन भाजपा मंडल महामंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को नई पहचान दे सकते हैं.

श्रीमद्भागवत कथा में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

रुनाहा, 26 मार्च. ग्राम धूतखेड़ी में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. यहां मंगलगढ़ के कथावाचक पं. रामकृष्ण शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जा रहा है. श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान आकर्षक झांकियां सजाई गईं तथा भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं आसपास के श्रद्धालु उपस्थित रहे.

भगवान महावीर के जीवन पर हुई संगोष्ठी

भोपाल. महावीर जयंती के पूर्व शहर के मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं. इसके तहत भगवान महावीर के जीवन पर आधारित संगोष्ठी हुई. चौक बहू मंडल की सदस्यों ने कुराना तीर्थ में प्रभु महावीर की भक्ति में भजन गाए. इस अवसर पर नीलू जैन, आरती जैन, कविता जैन, निकिता जैन, सांस्कृतिक मंत्री आवृत्ति जैन आदि मौजूद थीं.

पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्र.सं.:01, निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-10, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल की वर्तमान अप और डाउन मेन लाइनों तथा नई तीसरी लाइन पर हरदुआ (HDU)-न्यू मझगवां फाटक (NMWP) के बीच आई.बी.एस. के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिगनलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में):** ₹4,20,62,461.00, **बयाना राशि रुपयेः** ₹8,41,200/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रुपये):** ₹0.00, **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **समापन अवधि (माह):** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 16.04.2026 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है। **(हस्ता.)**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

Office of the Chief General Manager (Bhopal Region), Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura, Bhopal-462023, Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com

NIT No. :- CGM/BR/02/Pur/12464 Bhopal, Dated 26.03.2026

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

E-tenders are invites bids from eligible bidders for supply of following item.

TS No.	Particulars	Approx. Value (In Lakh)	Tender Fee (In Rs.)	EMD (In Rs.)	Date of Opening of Bids Online
CGM/BR/ TS-159	Rate Contract for Supply of Buchholz Relay.	31.16 Lakh	5000/- + GST @ 18 % Extra	62500/-	16.04.2026 at 15:30 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125100/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (BR)**

कांग्रेस का प्रतिभा खोज कार्यक्रम जारी

48 अभ्यर्थी साक्षात्कार लिए चुने गए

विशेष संवाददाता

भोपाल, 26 मार्च.कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम गुरुवार को भी जारी रहा, जिसमें जोरदार प्रतिसाद देखने को मिला. इस दौरान 48 अभ्यर्थियों को पार्टी प्रवक्ता पद के लिए साक्षात्कार चरण में चयनित किया गया.

अगले चरण के लिए चयनित अभ्यर्थी भोपाल, सीहोर और नर्मदापुरम जिलों से आए थे, जिनमें विभिन्न पृष्ठभूमि और विचारों का समावेश रहा. चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जहां उम्मीदवारों ने अपने विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास और जन मुद्दों की समझ का प्रभावी प्रदर्शन किया. साक्षात्कार पैनल में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव और प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ साहित्यकार विजय बहादुर सिंह शामिल रहे. दोनों ने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे पार्टी की संवाद प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया. कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, प्रतिभा खोज समन्वय समिति के सदस्य एवं विधायक आरिफ मसूद ने संभाली. उनके साथ महेंद्र जोशी और कार्यक्रम समन्वयक अपूर्व भारद्वाज ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया.

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारा प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **क्र.सं.:01, निविदा सूचना क्र.:** डब्ल्यूसीआर-सीआरडब्ल्यूएस-बीपीएल-ईएल-टी-2025-13 दिनांकः 20.03.2026, **कार्य का नामः** एलएचबी नॉन-एसी एवं एलएचबी एसी कोचों में पीओएच शेड्यूल के दौरान सीआरडब्ल्यूएस/भोपाल में दो वर्षों की अवधि हेतु विद्युत संशोधन कार्य, **कार्य की लागतः** ₹3,12,31,377.77, **धरोहर राशिः** ₹ 3,06,200.00, **निविदा फॉर्म का मूल्यः** ₹0.00, **बिडिंग प्रणालीः** एकल पैकेट प्रणाली, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** 17.04.2026, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथिः** 17.04.2026 को 15:00 बजे के उपरांत। **नोटः** निविदा फॉर्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है। **(हस्ता.)**

कार्य प्रबंधक (विद्युत)
प.म.रे., सडिपुका/भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिकी शाखा) भोपाल

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 116/यां.वि./2026 **भोपाल, दिनांक 26/3/2026**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रु. में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
1.	2026_UAD_494670_1	Construction of CC road and Drain at Ward 38 Zone 09	8,22,033/-	2-April-2026	05:30 PM
2.	2026_UAD_494673_1	Construction of CC road and Drain at Ward 69 Zone 09	8,38,962/-	2-April-2026	05:30 PM

नोट:- संशोधन वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र. 3405/025/026

छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का दल मध्य प्रदेश भ्रमण पर

▸ मानव संग्रहालय और साई परिसर का किया अवलोकन

भोपाल, 26 मार्च. पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का एक दल इन दिनों मध्य प्रदेश के दौरे पर है.

दल के सदस्यों ने आज भोपाल में मानव संग्रहालय और भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर का भ्रमण किया. मानव संग्रहालय में दल के सदस्यों ने विभिन्न विथिकाओं का अवलोकन किया और भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता से परिचित हुए. उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ से संबंधित आवास परिसरों और वस्तुओं में विशेष रुचि प्रदर्शित की.

इच्छामृत्यु और आधुनिक विधि पर व्याख्यान

भोपाल. स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में इच्छामृत्यु एवं आधुनिक विधि पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में मुख्य अतिथि नितेश चौबे (फाउंडर, आशाएं ज्यूडिशियरी) एवं आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ. अजीता मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर, एलएन पैरा-मेडिकल कॉलेज) शामिल हुए. यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) की अध्यक्षता में किया गया.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीना वाधवानी पत्नी श्री सुंदरलाल वाधवानी एवं श्रीमती रोमा वाधवानी पत्नी श्री हरीश कुमार वाधवानी, दोनों वयस्क, दोनों निवासी शीतल नगर, बेरसीया रोड, भोपाल द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति एक मकान नंबर 81 पर निर्मित प्रथम तल एवं उसके ऊपर के सभी तल, जिसका क्षेत्रफल 686.88 वर्गफिट है तथा जो मारवाड़ी रोड, भोपाल में स्थित है तथा जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है-उत्तर में -रोड एवं दक्षिण में-श्री राकेश अग्रवाल की सम्पत्ति, पूर्व में-होटल रतन, पश्चिम में-रोड, को बंधक रखकर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, भोपाल ब्रांच से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 13.12.2002 जो कि श्रीमती रतन बाई अग्रवाल पत्नी श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल द्वारा श्री राकेश अग्रवाल आत्मज स्व. श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित किया गया है तथा जो उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पु.क्र. अ-3, ग्रंथ 211 पर दस्तावेज क्रमांक 3/148 देकर पंजीकृत है, कहीं गुम हो गया है तथा बहुत ढुंढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग, नजूल, नगर- निगम, भोपाल आदि का कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड यह मानते हुए कि उक्त दस्तावेज के गुम होने पर किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर श्रीमती रीना वाधवानी पत्नी श्री सुंदरलाल वाधवानी एवं श्रीमती रोमा वाधवानी पत्नी श्री हरीश कुमार वाधवानी को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय **राजीव चिमोटे** अधिवक्ता

कार्या.-फ्लैट नंबर टी-7, प्लाट नंबर 29-ए, तृतीय तल, राजा परिसर, जोन-II, एम.पी. नगर, भोपाल
फोन: 07554503607, 09827232096

प्रारूप-दस
(नियम 9 देखिए)
मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-राजस्व की उगाही) नियम, 2020
समक्ष न्यायालय तहसीलदार, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक/7016/प्रवा-3/2026
भोपाल, दिनांक 17.03.2026
प्र.क्र./बी-121/2025-26
ग्राम फंदाकलां, तहसील हुजूर जिला भोपाल

खाते के विक्रय की उद्घोषणा

(मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 146 (1) (बी) के अधीन)

क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट खाता/ खातों को 1. निर्णीत ऋणी मेसर्स ए.जी. 8 वेंचर्स लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री हेमन्त सोनी, प्रोजेक्ट मैनेजर, आकृति हाऊस आकृति ईको सिटी, ई-8 एक्टेंशन बावड़ियाकलां भोपाल (वर्तमान भूमिस्वामी संचालक राजीव सोनी आ. पी.डी. सोनी) पर कॉलम (6) में विनिर्दिष्ट मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, रेरा भवन, अरेरा हिल्स, मेन रोड नं. 01, भोपाल आवेदक श्री राम सिंह आ. श्री रामकिशन निवासी ग्राम खारखेड़ी में माननीय न्यायालय चौदहवें जिला न्यायाधीश महोदय, भोपाल के व्यवहारवाद क्रमांक 4ए/2014 में पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 07.12.2019 के पालन में बकाया तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे की वसूली की राशि की वसूली हेतु कुर्क किया गया है.

एतद् द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि एतद् द्वारा विक्रय के लिये नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो उक्त खाता/ खातों का उस पर/ उन पर अधिरोपित समस्त भारों और उसके / उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों से एवं संविदाओं से मुक्त स्थान न्यायालय तहसीलदार, तहसील हुजूर जिला भोपाल में सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय कर दिया जावेगा. **दिनांक 01.04.2026 को समय दोपहर 2.00 बजे**

ग्राम का नाम-(1) ग्राम फंदाकलां तहसील हुजूर, जिला भोपाल, **प.ह.न. (2)-** 63, **खाता क्रमांक (03)** 346/2/1, 350/2/1, 352/2, 354, 359/1, 360/1, 361, 363/2, 365/1/2, 365/2, 373/2, 374/1, 374/2, 376/2, **क्षेत्रफल हे. में. (04)** 17.858 हे. में से, **निर्धारण (05)-** 17.24 हे. **बकाया (06)** राशि रुपए 96,00,000/-

जमानत की शर्तें निम्नानुसार रहेंगी-

01 जमानत की राशि 10 प्रतिशत जमा कराया जाना अनिवार्य होगा.
02 अंतिम बोली की राशि का 25 प्रतिशत बोली समाप्त होने के तत्काल उपरांत जमा कराना होगा.
03 अंतिम बोली की राशि 02 दिवस में अनिवार्य रूप से जमा करना होगी.
04 नीलामी की शर्तों में नियमानुसार परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्तारकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा.

आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया.

तहसीलदार
तहसील हुजूर, भोपाल

R.N.- 61930

भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश (एक केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए जून 2024 में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। हालांकि, चयन के व्यापक विकल्प के लिए, इस पद के लिए पुनः विज्ञापन जारी किया जा रहा है।इसलिए, अब उम्मीदवारों से नए सिरे से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, चाहे उन्होंने पहले आवेदन किया हो या नहीं।इस पद के लिए केवल उन्हीं आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो इस नए विज्ञापन के तहत प्राप्त होंगे।

अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से निम्नलिखित अपेक्षित हैः

- सर्वोच्च स्तर की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता सम्पन्न व्यक्ति।
- एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, जो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्षों या प्रतिष्ठित अनुसंधान और/या अकादमिक संगठन में प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्षों का अनुभव।
- इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की समाप्ति तिथि पर 65 वर्ष की आयु से अधिक आयु का नहीं होना वांछनीय।

वेतन और सेवा शर्तें

- पद हेतु अन्य सामान्य भत्तों और 11250/- रुपये के विशेष भत्तों के साथ 2,10,000/- रुपये (नियत) प्रतिमाह का वेतन निर्धारित है।
- सेवाओं की निबंधन और शर्तें वह होंगी जो विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं संहितियों तथा अध्यादेशों में दी गई हैं।

नियुक्ति हेतु प्रक्रिया

- कुलपति की नियुक्ति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित एक समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के एक पैनल में से की जाएगी।
- यह विज्ञापन वेबसाइट http://www.education.gov.in और https://www.igntu.ac.in पर उपलब्ध है।

" केवल ऑनलाइन आवेदन करें "

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार केवल शिक्षा मंत्रालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगाः
https://vcree.samarth.ac.in/index.php/

- उपरोक्त लिंक दिनांक 27.03.2026, 10:00 घंटे से दिनांक 25.04.2026, 17:00 घंटे तक सक्रिय होगा।

CBC 21201/11/0020/2526